# उद्योगपतियों ने भारी-भरकम निवेश की इच्छा जताई

## मुख्यमंत्री योगी ने कहा-सरकार को दें अपने प्रस्ताव

लखनऊ। मुंबई में उद्योगपतियों ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सामने निवेश के ठोस प्रस्ताव रखे। सीएम ने उद्योगपतियों से सरकार को अपने प्रस्ताव देने के लिए कहा। माना जा रहा है कि सरकार की इस पहल से शीघ्र ही प्रदेश में बड़ा निवेश आएगा। इससे रोजगार के अवसरों में जबरदस्त वृद्धि होगी।

**धार्मिक शहरों में होटल बनाएगा टाटा ग्रुप :** टाटा संस के चेयरमैन एन चंद्रशेखरन ने इलेक्ट्रॉनिक्स उत्पादों के विनिर्माण में रुचि दिखाई। इस पर योगी ने उनसे कहा कि जेवर एयरपोर्ट के पास इलेक्ट्रॉनिक सिटी प्रस्तावित है, वहां टाटा ग्रुप निवेश कर सकता है। चंद्रशेखरन ने कहा कि वह अयोध्या और प्रयागराज जैसे धार्मिक पर्यटक स्थलों पर होटल बनाने के इच्छुक हैं। उनकी इलेक्ट्रिक वाहन, चार्जिंग इन्फ्रास्ट्रक्चर और बैटरी निर्माण की भी योजना है। सौर ऊर्जा के क्षेत्र में भी उनकी कंपनी काम करना चाहती है। सीएम ने उन्हें प्रस्ताव देने के लिए कहा। ब्यूरो

### फिल्म सिटी में निवेश का न्योता

योगी ने हीरानंदानी ग्रुप के चेयरमैन डॉ. निरंजन हीरानंदानी को यूपी में पहले डाटा सेंटर की स्थापना पर धन्यवाद दिया। हीरानंदानी ने विभिन्न इंटीग्रेटेड निवास युक्त टाउनशिप, शिक्षा और निर्माण कार्यों में लगे श्रमिकों की कौशल वृद्धि के बारे में जानकारी दी। एमएसएमई मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने ग्रुप को प्रस्तावित फिल्म सिटी पर काम करने का भी सुझाव दिया।

### एबी मल्साई चेन में निवेश में रुचि दिखाई

केकेआर इंडिया एडवाइजर्स प्राइवेट लिमिटेड के सीईओ संजय नायर ने एबी मल्साई चेन, कोल्ड स्टोरेज, फार्म मैकेनाइजेशन और वेयरहाउसिंग के क्षेत्र में निवेश में रुचि दिखाई। कहा कि टूरिज्म के क्षेत्र में इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित करने के लिए निवेश किया जा सकता है। अस्पतालों की स्थापना पर कहा कि सरकार जमीन उपलब्ध कराए तो शेष कार्य निजी सेक्टर कर सकते हैं।

### आरएंडडी सेंटर विकसित करेगी सिमेंस

सिमेंस इंडस्ट्री सॉफ्टवेयर लिमिटेड के वाइस प्रेसिडेंट और एमडी सुप्रकाश चौधरी ने कहा कि उनकी कंपनी डिफेंस कॉरिडोर में आरएंडडी सेंटर विकसित करने में निवेश की इच्छुक है। कल्याणी ग्रुप के चेयरमैन बाबा एन कल्याणी ने कहा कि कुछ रक्षा उत्पादों के आयात पर पाबंदी से समस्या आ रही है। उन्होंने कौशल विकास केंद्र की स्थापना और 300-400 छोटे-मझोले उद्योगों के साथ एक मैकेनिज्म विकसित करने की योजना भी रखी। यूरेका के सीईओ अरुणेश अवस्थी ने उनसे अपना प्रस्ताव देने को कहा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के कई जिलों में अभी मेडिकल कॉलेज की आवश्यकता है। इन्हें पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज बनाने पर उद्योगपति विचार कर सकते हैं। प्रदेश में कुछ सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की जरूरत है। गोरखपुर में नेपाल-बिहार और आसपास के जिलों से बड़ी संख्या में मरीज आते हैं। वहां सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल बनाने में सरकार सहयोग करेगी।

### पीपीपी मॉडल पर बनाएं मेडिकल कॉलेज

### डिफेंस यूनिट स्थापित करेगी एलएंडटी

एलएंडटी के एमडी एसएन सुब्रमण्यन ने कहा कि स्मार्ट मीटर में गड़बड़ी सॉफ्टवेयर संबंधी कारणों से थी, जिसे दूर कर लिया गया है। योगी ने कहा कि इस पूरे का परीक्षण कराया जाएगा। सुब्रमण्यन ने कहा कि कंपनी उत्तराखंड स्थित प्लांट से यूपी को बिजली आपूर्ति कर सकती है। जैसे ही भारत सरकार से स्वीकृति मिलेगी, प्रदेश में डिफेंस यूनिट स्थापित की जाएगी। उन्होंने यूपी में अस्पतालों की चेन स्थापित करने और गंगा एक्सप्रेस-वे में निवेश की इच्छा जताई।

### इन्होंने भी दिखाई रुचि

जेपी मेडिकल कॉलेज के डॉ. आरी जेवर एयरपोर्ट के पास मेडिकल यूनिवर्सिटी बनाना चाहते हैं। सीएम ने कहा कि मेडिकल क्षेत्र में निवेश के लिए प्रदेश में अनुकूल नीति है। नवार्ड के चेयरमैन डॉ. जीआर चिंतला ने कहा कि वे यूपी सिंचाई के लिए एक्सेस प्रोग्राम के लिए 500 करोड़ रुपये की वित्तीय मदद देने के लिए तैयार हैं। जल संसाधन प्रोजेक्ट्स के लिए शेष 1134 करोड़ रुपये की स्वीकृति जारी करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उद्योगपति निरंजन जैन ने अन्य शहरों के भी न्यूक्लियस बोर्ड, जलजल मिट्टी ने नोएडा फार्मास्युटिकल क्लस्टर, अमित वाधा ने फिनटेक सिटी विकसित करने, सुनील चावला ने रिटेल सेक्टर में निवेश के बारे बात की। पार-97 के डिरेक्टर अमित चावला ने एक्सप्रेस-वे के टोल प्लाजा पर डिजिटल पेमेंट व्यवस्था में निवेश करने में रुचि दिखाई।

# रक्षा उत्पादों का निर्यातक बनेगा भारत

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यूपी में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरिडोर में व्यापक संभावनाएं हैं। इसमें साथ टेक्नोलॉजी व नॉलेज के लिए बेहतर पार्टनर के रूप में आईआईटी कानपुर और आईआईटी बीएचयू हैं। उम्मीद है कि सभी के प्रयास से रक्षा उत्पादों के क्षेत्र में शीघ्र ही भारत आत्मनिर्भर ही नहीं, निर्यातक भी बनेगा। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक भारत-श्रेष्ठ भारत के सपने को साकार करने जैसा होगा।

मुख्यमंत्री बुधवार को मुंबई के एक होटल में रक्षा उत्पादों के कारोबारियों से मुलाकात के दौरान बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि डिफेंस

### डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कारोबारियों से कहा, आपके उत्साह से बढ़ा हौसला

### 10 लाख एमएसएमई यूनिटों को बैंकों से जोड़ा

योगी ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा एमएसएमई यूनिटें यूपी में हैं। कोरोना काल के दौरान हम लोगों ने प्रदेश में करीब 10 लाख से अधिक एमएसएमई यूनिटों को बैंकों के साथ जोड़ने में सफलता प्राप्त की है। रोजगार की व्यापक संभावनाओं को आगे बढ़ाया है। यूपी में एक्सप्रेस-वे का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित हुआ है।

## सचिव, उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी एवं सम्बद्ध काउंसिल के पद पर चयन

उ०प्र० शासन के चिकित्सा शिक्षा विभाग के शासनादेश दिनांक 28.11.2020 एवं उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी एवं सम्बद्ध काउंसिल की शासी समिति के द्वारा लिये गये निर्णय के क्रम में, सचिव के पद हेतु उन चिकित्सकों से आवेदन आमंत्रित किये जा रहे हैं, जिन्होंने एम०डी०/एम०एस० किया हो तथा जिन्हें 10 वर्ष का अनुभव हो। जिसमें 07 वर्ष मेडिकल कालेज/मेडिकल इन्स्टीट्यूट/यूनिवर्सिटी में टीचिंग का अनुभव हो। इस पद हेतु आवेदन करते समय आवेदक की आयु 60 वर्ष से ऊपर नहीं होनी चाहिये। इसमें वेतन लेवल 14 में ₹ 144200 निर्धारित है। इसके साथ अन्य भत्ते भी शासनादेश के अनुसार देय है। यह नियुक्ति 3 वर्ष के लिये होगी। मूल शासनादेश तथा सेवा शर्तें कार्यालय की वेबसाइट www.upsmfac.org पर उपलब्ध है। कार्यालय की ई-मेल postofsecretary.upsmf@upsmfac.org पर प्रमाण पत्रों सहित दिनांक 24 दिसम्बर, 2020 तक आवेदन करें तथा हार्ड कॉपी कार्यालय के पते पर सीलबन्द लिफाफे में 28 दिसम्बर, 2020 तक उपलब्ध करायें। "सचिव पद हेतु चयन" अंकित कर दें।

अध्यक्ष

(उ०प्र० स्टेट मेडिकल फैकल्टी एवं सम्बद्ध काउंसिल)

5, सर्वेपल्ली, मॉल एवेन्यू रोड, लखनऊ।